भोला शिव शंकर है नाचता

शिव शम्भू भोलेनाथ का डमरू है बाजता,
डमरू की धुन पे भोला शिव शंकर है नाचता....

देवी देवता झूम रहे है डमरू की ताल पे,
नंदी छम छम नाचे है मन प्रेम डाल के,
क्या दिन है और रात क्या सपने भुला दिया,
शिव शम्भू भोले नाथ का डमरू है बाजता,
डमरू की धुन पे भोला शिव शंकर है नाचता.....

जीवन शिव है मुक्ति भी शिव है,
तेरे भक्तो के धड़कन में शिव है,
हम भक्तो को बम भोले तेरा ही आसरा,
शिव शम्भू भोले नाथ का डमरू है बाजता,
डमरू की धुन पे भोला शिव शंकर है नाचता....

सारे श्रृष्टि में है छायी खुशिया हजार है,
शिव मस्त मलंग हो करके नंदी सवार है,
भोले बड़ा ही सुन्दर सा रूप बना लिया,
शिव शम्भू भोले नाथ का डमरू है बाजता,
डमरू की धुन पे भोला शिव शंकर है नाचता.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27989/title/bhola-shiv-shankar-hai-nachta

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |